PVG's

# Muktangan English School & Jr. College, Pune - 9

## Terminal Examination (2024-25)

## Standard - IX

Subject - Hindi (Composite) — Marks - 40

Date - 23.10.2024 — Time - 8.00 am to 10.00 am

सूचनाएँ :-

१) सूचना के अनुसार गद्य, पद्य तथा व्याकरण की आकलन कृतियों में आवश्यकता के अनुसार आकृतियों में ही उत्तर लिखना अपेक्षित है ।

२) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें ।

३) उपयोजित लेखन (रचना विभाग) तथा व्याकरण विभाग में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए आकृतियों की आवश्यकता नहीं हैं ।

४) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।

### विभाग १ – गद्य

कृति १ अ) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

कॉर्निवाल के मैदान में बिजली जगमगा रही थी । हँसी और विनोद का कलनाद गूँज रहा था । मैं खड़ा था । उस छोटे फुहारे के पास, जहाँ एक लड़का चुपचाप देख रहा था । उसके गले में फटे कुरते के ऊपर से एक मोटी - सी सूत की रस्सी पड़ी थी और जेब में कुछ ताश के पत्ते थे । उसके मुँह पर गंभीर विषाद के साथ धैर्य की रेखा थी । मैं उसकी ओर न जाने क्यों आकर्षित हुआ । उसके अभाव में भी संपूर्णता थी । मैंने पूछा - ''क्यों जी, तुमने इसमें क्या देखा ?''

''मैंने सब देखा है । यहाँ चूड़ी फेंकते हैं । खिलौनों पर निशान लगाते हैं । तीर से नंबर छेदते हैं । मुझे तो खिलौनों पर निशाना लगाना अच्छा मालूम हुआ । जादूगर तो बिलकुल निकम्मा है । उससे अच्छा तो ताश का खेल मैं ही दिखा सकता हूँ, टिकट लगता है।''

मैंने कहा - ''तो चलो, मैं वहाँ पर तुमको ले चलूँ।'' मैंने मन - ही - मन कहा - 'भाई ! आज के तुम्हीं मित्र रहे ।'

उसने कहा - ''वहाँ जाकर क्या कीजिएगा ? चलिए, निशाना लगाया जाए ।''


मैंने उससे सहमत होकर कहा - ''तो फिर चलो, पहले शरबत पी लिया जाए ।'' उसने स्वीकार सूचक सिर हिला दिया ।

मनुष्यों की भीड़ से जाड़े की संध्या भी वहाँ गरम हो रही थी । हम दोनों शरबत पीकर निशाना लगाने चले । रास्ते में ही उससे पूछा - ''तुम्हारे और कौन हैं ?''

''माँ और बाबूजी ।''

''उन्होंने तुमको यहाँ आने क लिए मना नहीं किया ? बाबू जी जेल में हैं ।''

१) संजाल पूर्ण कीजिए – (१)



२) गद्यांश में आए कोई दो विरामचिह्नों सहित उनके नाम लिखिए । (१)

| | चिह्न | नाम |
|---|---|---|
| १) | ! | |
| २) | , | |

३) i) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए । (१)

१) शरबत = ____

२) संध्या = ____

ii) निम्नलिखित शब्दों के वचन पहचानकर लिखिए । (१)

१) खिलौना = ____

२) पत्ते = ____


४) 'जादूगर' का जीवन इस विषय पर अपने विचार ६ से ८ पंक्तियों में लिखिए । (२)

कृति १ आ) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

मैंने रुआँसा होकर कहा - 'तुम साथ दो तो यह भी कुछ मुश्किल नहीं है । सच पूछो तो आज तक मैंने देखा ही नहीं कि यह सूरज निकलता किधर से है ।' मन ने बिलकुल घबराकर कहा - 'लेकिन दौड़ोगे कैसे ?' मैंने लापरवाही से जवाब दिया - 'दोनों पैरों से । ओस से भीगा मैदान, दौड़ता हुआ मैं, उगता हुआ सूरज । आह, कितना सुंदर दृश्य होगा । सुबह उठकर सभी को दौड़ना चाहिए । सुबह उठते ही औरतें चूल्हा जला देती हैं । आँख खुलते ही भुक्खड़ों की तरह खाने की फिक्र में लग जाना बहुत बुरी बात है । सुबह उठना तो बहुत आसान बात है । दोनों आँखें खोलकर चारपाई से उतरे ढाई - तीन हजार दंड - बैठकें निकाली, मैदान में पंद्रह-बीस चक्कर दौड़े, फिर लौटकर मुग्दर हिलाना शुरू कर दिया।' मेरा मन यह सब सुनकर हँसने लगा । मैंने रोककर कहा - देखो यार हँसने से काम नहीं चलेगा । सुबह खूब सबेरे जागना पड़ेगा ।' मन ने कहा - 'अच्छा अब सो जाओ ।' आँख लगते ही मैं सपना देखने लगा कि मैदान में तेजी से दौड़ रहा हूँ, कुत्ते भौंक रहे हैं, गायें रँभा रही हैं, मुर्गे बाँग दे रहे हैं । अचानक एक विलायती किस्म का कुत्ता मेरे दाहिने पैर से लिपट गया । मैंने पाँव को जोरों से झटका कि आँख खुल गई । देखता क्या हूँ कि मैं फर्श पर पड़ा हूँ । टेबल मेरे ऊपर है और सारा परिवार चीख - चीखकर मुझे टेबल के नीचे से निकाल रहा है । खैर, किसी तरह लँगड़ाता हुआ चारपाई पर गया कि याद आया, मुझे तो व्यायाम करना है । मन ने कहा - 'व्यायाम करने वालों के लिए गहरी नींद बहुत जरूरी है । तुम्हें चोट भी काफी आ गई है । सो जाओ।'

मैंने कहा - 'लेकिन शायद दूर बाग में चिड़ियों ने चहचहाना शुरू कर दिया है ।' मन ने समझाया - 'ये चिड़ियाँ नहीं ; बगलवाले कमरे में तुम्हारी पत्नी की चूड़ियाँ बोल रही हैं । उन्होंने करवट बदली होगी ।'

१) संजाल पूर्ण कीजिए । (१)




२) परिच्छेद में आए दो प्रत्यययुक्त शब्द ढूँढ़कर लिखिए । (१)

१) 

२) 

३) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए । (१)

१) आँख =

२) विलायती =

४) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (१)

१) हँसना X

२) सुबह X

४) 'जीवन में व्यायाम का महत्त्व' इस विषय पर अपने शब्दों में ६ - ८ पंक्तियों में लिखिए । (२)

## विभाग २ - पद्य


कृति २ अ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

रुला तो देती है हमेशा हार,
पर अंदर से बुलंद बनाती है हार।
किनारों से पहले मिले मझधार
जिंदगी की बड़ी जरूरत है हार ........ !

फूलों के रास्तों को मत अपनाओ,
और वृक्षों की छाया से रहो परे।
रास्ते काँटों के बनाएँगे निडर
और तपती धूप ही लाएगी निखार ॥
जिंदगी की बड़ी जरूरत है हार ......... !

सरल राह तो कोई भी चले,
दिखाओ पर्वत को करके पार।
आएगी हौसलों में ऐसी ताकत,
सहोगे तकदीर का हर प्रहार ॥
जिंदगी की बड़ी जरूरत है हार ......... !

१) आकृति पूर्ण कीजिए - (२)




२) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए। (१)

१) कवि किसे नहीं अपनाने के लिए कहता है ?

२) कवि किसे पार करके दिखाने के लिए कहता है ?

३) निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए। (१)

१) धूप X २) डर X


४) फूलों के रास्तों को मत अपनाओ,
और वृक्षों की छाया से रहो परे।
रास्ते काँटों के बनाएँगे निडर
और तपती धूप ही लाएगी निखार ॥
जिंदगी की बड़ी जरूरत है हार ......... !

इन पंक्तियों का सरल अर्थ अपने शब्दों में ६ – ८ पंक्तियों में लिखिए। (२)

कृति २ आ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए।

किताबें
करती हैं बातें
बीते जमानों की
आज की, कल की
एक - एक पल की
खुशियों की, गमों की
फूलों की, बमों की
जीत की, हार की
प्यार की, मार की।
क्या तुम नहीं सुनोगे
इन किताबों की बातें ?
किताबों में चिड़ियाँ चहचहाती हैं
किताबों में खेतियाँ लहलहाती हैं
किताबों में झरने गुनगुनाते हैं
परियों के किस्से सुनाते हैं
किताबों में रॉकेट का राज है
किताबों में साइंस की आवाज है
किताबों का कितना बड़ा संसार है
किताबों में ज्ञान की भरमार है
क्या तुम इस संसार में
नहीं जाना चाहोगे?
किताबें कुछ कहना चाहती हैं
तुम्हारे पास रहना चाहती हैं

१) संजाल पूर्ण कीजिए - (२)




२) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। (१)

१) जीत X ______ २) खुशी X ______

३) "किताबें करती है बातें, ...........
........ हार की प्यार की, मार की।"

इन पंक्तियों का सरल अर्थ अपने शब्दों में ६ – ८ पंक्तियों में लिखिए। (२)

विभाग ३ व्याकरण

कृति ३ १) निम्नलिखित शब्दों में मानक वर्तनी के अनुसार सही शब्द छाँटकर लिखिए। (१)

i) पृगति / प्रगति / प्रगती =

ii) विश्राम / विशराम / वीश्राम =

२) निम्नलिखित अव्यय शब्द का अपने सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए। (१)

i) क्योंकि -

३) निम्नलिखित वाक्य में काल पहचानकर उसका भेद लिखिए। (१)

i) किताबें कुछ कह रही थी।

४) निम्नलिखित वाक्यों में कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार काल परिवर्तन कीजिए। (१)

i) आखिर मन साहब मुस्कराने लगे। (सामान्य भविष्यकाल)

५) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर उसका अपने सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए। (१)


i) दंग रहना -

विभाग ४ रचना विभाग

कृति ४ अ) निम्नलिखित पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए। (४)

१) मा. स्वास्थ्य अधिकारी, नगर परिषद, कोल्हापूर को संजय / संगीता पाटील, ४५, शिवनेरी, शाहूनगर, खासबाग मैदान, कोल्हापूर से अपने मुहल्ले का कूड़ा कचरा हटवाने के लिए शिकायत पत्र लिखता / लिखती है।

२) निम्नलिखित जानकारी के आधार पर ५० से ६० शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। (४)




आ) निम्नलिखित किसी एक विषय पर लगभग ८० से १०० शब्दों में निबंध लिखिए। (५)

१) नदी की आत्मकथा

२) मेरी माँ

❖❖❖